पंजाब केसरी 08/09/2022

# रबनूर ने कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी की मैरिट सूची में पाया स्थान



मैरिट सूची में आने वाली छात्रा के साथ उपस्थित प्रिंसीपल। (देवदत्त)

अम्बाला छावनी, 7 सितम्बर (कोचर): गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज की छात्रा रबनूर ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की मैरिट सूची में अपना विशेष स्थान प्राप्त किया। यह छात्रा कालेज में प्रवेश लेने के बाद से अभी तक विभिन्न गतिविधियों में बहुत सक्रिय रूप से भाग लेती रही और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की विभिन्न गतिविधियों में पुरस्कार प्राप्त किए। रबनूर ने सिर्फशिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक, कला और एन.सी.सी. व एन.एस.एस. सभी क्षेत्रों में विशेष रूप से भूमिका निभाई और विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर कॉलेज का नाम रोशन करते हुए विशेष स्थान प्राप्त किया। प्रिंसीपल डा. वी.के. जैन ने रबनूर को अपनी इस उपलब्धि पर बधाई दी। रबनूर के कक्षा के विभिन्न अध्यापक डा. मनजीत कौर, डा. अनिश कुमार, डा. ज्योति ने कहा कि कालेज का नारा मेरी बेटी-मेरा अभिमान को रबनूर ने सच साबित कर दिखाया है। उन्होंने बताया कि आज पूरा कालेज रबनूर की सफलता पर गौरवान्वित महसूस कर रहा है।